प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.02.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00.बजे

कैबिनेट

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च तक शिमला में होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री 17 मार्च को विधानसभा में राज्य का वर्ष 2025–26 का आम बजट पेश करेंगे। ये मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का लगातार तीसरा बजट होगा। बजट सत्र के दौरान कुल 15 बैठकें होंगी। मंत्रिमण्डल की बैठक में 7 पोस्ट कोड के लम्बित परीक्षा परिणाम घोषित करने को भी मंजूरी दी गई। इस फैसले के अनुसार प्रदेश में कुल 713 पदों को भरा जाएगा। जिन पोस्ट कोड के परिणाम घोषित करने को मंजूरी दी गई है उनमें पोस्ट कोड 970, 962, 916, 971, 977, 980 और 928 शामिल है।

---

मोबाईल हैल्थ वैन

सोलन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित रंजन तलवार ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं और प्रारम्भिक जांच उपलब्ध करवाने के लिए आज एक मोबाईल हैल्थ यूनिट वैन को हरी झंडी दिखाई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि ये वैन ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुधारने के लिए लाभकारी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस वैन में एक चिकित्सक और एक फार्मासिस्ट होगा जो लोगों का प्राथमिक उपचार व प्रारम्भिक जांच करेगा।

---

पुलिस भर्ती

ऊना की पुलिस लाईन ग्राउंड झलेड़ा में चल रही पुलिस भर्ती के पांचवें और अंतिम दिन आज महिला कांस्टेबलों के लिए ग्राउंड टैस्ट का आयोजन किया गया। ग्राउंड टैस्ट के लिए 15 सौ से अधिक युवतियों को बुलाया गया था। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि भर्ती को पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राउंड टैस्ट के बाद अब चयनित अभ्यार्थियों की लिखित परीक्षा होगी।

---

किक बॉक्सिंग

मंडी जिला की थुनाग तहसील के गांव शिकावरी की बेटी होमानी ने छठी एशियन फ्रैंच किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

ये प्रतियोगिता 10 से 12 फरवरी तक दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई जिसमें पूरे एशिया क्षेत्र से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। होमानी ने अपनी इस जीत का श्रेय अपने कोच, परिवार और समर्थकों को दिया।

---

ई–कचरा

प्रदेश सरकार ने राज्य में बढ़ते ई–कचरे और इसके निपटान से जुड़ी समस्याओं से निजात पाने के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग के एक प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और आयोगों द्वारा उत्पन्न ई–कचरे का निपटान ई–कचरा प्रबंधन नियम 2016 के नियम 9 के अनुसार किया जाएगा। नए नियम के तहत ई–कचरे को केवल अधिकृत संग्रह केन्द्रों, निर्माताओं के डीलरों, विघटनकर्ताओं और निर्माताओं द्वारा नामित टेक–बैक सेवा प्रदाताओं के माध्यम से अधिकृत विघटनकर्ताओं तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे ई–कचरे को खुले स्थानों पर या सामान्य कचरे के साथ न फेंके और इसे अधिकृत पुनर्चक्रण केन्द्रों को ही सौंपे।

---

मौसम

मौसम ने प्रदेश में एक बार फिर करवट ली है। आज प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नारकंडा और कुफरी में हल्की बर्फबारी हुई जबकि राजधानी शिमला और इसके आस–पास के इलाकों में कुछ देर तक बर्फ की फुहारें पड़ी और बूंदा–बांदी भी हुई। राज्य के जनजातीय जिला लाहौल स्पिति और किन्नौर तथा शिमला, चम्बा, कुल्लू और धौलाधार की उंची पहाड़ियों पर भी इस दौरान हल्का हिमपात हुआ। मौसम में आए इस बदलाव से राज्य में तापमान में गिरावट आई है जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के लाहौल स्पिति, किन्नौर और कुल्लू, मण्डी, शिमला, सिरमौर और चम्बा जिला की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात होने तथा राज्य के कुछ निचले क्षेत्रों में वर्षा की सम्भावना जताई है। विभाग के अनुसार 17 फरवरी से हिमाचल क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है इसके प्रभाव से 18 फरवरी को राज्य में फिर से वर्षा और बर्फबारी की सम्भावना है।

---